nwda.gov.in

अमृत काल के संकल्पों में ऊर्जा भर रहा मिशन अमृत सरोवरः मोदी

नई दिल्ली, प्रेट्र : मिशन अमृत सरोवर के तहत पिछले 11 माह में करीब 40 हजार जलाशय विकसित करने की उपलब्धि की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सराहना की है। मोदी ने बुधवार को कहा कि इस दिशा में जिस तेजी से काम किया जा रहा है, वह अमृत काल में हमारे संकल्पों में नई ऊर्जा का संचार कर रहा है। वह जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत के ट्वीट पर प्रतिक्रिया व्यक्त कर रहे थे।

सरकार के मुताबिक, पिछले 11 महीनों में मिशन के तहत करीब 40 हजार जलाशयों को विकसित करके योजना का लगभग 80 प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त कर लिया गया है। एक ट्वीट में जल शक्ति मंत्री शेखावत ने कहा कि मिशन अमृत सरोवर अपने लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में बढ़ रहा है।

15 अगस्त, 2023 तक 50 हजार अमृत सरोवरों के निर्माण का लक्ष्य है। स्वतंत्रता के 75वें वर्ष से 100वें वर्ष तक की 25 वर्षों की अवधि को प्रधानमंत्री ने अमृत काल का नाम दिया है। प्रधानमंत्री मोदी द्वारा पिछले वर्ष 24 अप्रैल को शुरू किए गए इस मिशन का उद्देश्य 'आजादी का अमृत महोत्सव' के हिस्से के रूप में देश के प्रत्येक जिले में 75 जलाशयों का विकास और कायाकल्प करना है।

गुजरात पर्यटन से संबंधित एक वीडियो पर एक ट्वीट का जवाब देते हुए मोदी ने कहा, 'कच्छ पर एक अच्छा वीडियो। जब 2001 में भयंकर भूकंप आया था तो लोगों ने कच्छ के लिए शोक संदेश लिखे थे, लेकिन इस जिले के लोगों के बारे में कुछ उल्लेखनीय है। वे फिर से उठ खड़े हुए और जिले को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया। आज कच्छ पर्यटन के लिए एक शानदार स्थान है।' लद्दाख को उसकी लकड़ी की नक्काशी के लिए जीआइ (जियोग्राफिकल आइडेंटिफिकेशन) टैग मिलने की सराहना करते हुए मोदी ने कहा कि

पीएम नरेन्द्र मोदी ● फाइल फोटो

- जल शक्ति मंत्री ने ट्वीट कर बताया, 11 माह में विकसित हुए 40 हजार जलाशय
- कहा, 15 अगस्त, 2023 तक 50 हजार अमृत सरोवरों के निर्माण का लक्ष्य

इससे लद्दाख की सांस्कृतिक परंपराएं और लोकप्रिय होंगी और कारीगरों को लाभ होगा।

मोदी ने अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू के भी एक ट्वीट का जवाब दिया। उन्होंने कहा था कि स्वर्ण जयंती सीमा रोशनी कार्यक्रम प्रधानमंत्री के इस दृष्टिकोण के अनुरूप है कि बदलाव लाने के लिए सीमावर्ती गांव अंतिम नहीं, बल्कि सबसे पहले हैं। खांडू ने ट्वीट किया, 'मेरे मुक्तो विधानसभा क्षेत्र के मागो गांव में नई भोर हो रही है। अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास 200 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से 50 मिनी और माइक्रो जलविद्युत परियोजनाएं विकसित की जाएंगी, जिससे ग्रामीणों और सीमा की रक्षा में लगे बलों को 24 घंटे बिजली की आपूर्ति सुनिश्चित होगी।' खांडू के ट्वीट को टैग करते हुए मोदी ने कहा, 'सीमावर्ती क्षेत्रों में स्वागत योग्य विकास, जो सीमावर्ती गांवों में रहने वाले लोगों को सशक्त बनाएगा।'

मोदी ने पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी के उस ट्वीट का भी जवाब दिया, जिसमें उन्होंने सिटी गैस डिस्ट्रिब्यूशन (सीजीडी) नेटवर्क पर सुविधाजनक और किफायती ईंधन की पेशकश के लिए बड़े पैमाने पर कदम उठाए जाने की बात कही थी। पुरी ने कहा था, 'वर्ष 2014 में केवल 66 जिलों में सीजीडी नेटवर्क था, जो 2023 में 630 जिलों तक पहुंच गया। इसी प्रकार 2014 में घरेलू पीएनजी कनेक्शनों की संख्या केवल 25.40 लाख थी, जो अब बढ़कर 103.93 लाख हो गई है।' इस पर प्रतिक्रिया देते हुए मोदी ने कहा कि ये अच्छे आंकड़े हैं और वह उन सभी की सराहना करते हैं, जिन्होंने इस कवरेज को हकीकत में बदलने के लिए वर्षों तक कड़ी मेहनत की।

एक ट्वीट में मोदी ने कहा कि एम्स मंगलागिरी में बाह्य रोगी परामर्श के 10 लाख के आंकड़े को पार करना संस्थान की अच्छी उपलब्धि है। प्रधानमंत्री ने कहा, 'हाल ही में मन की बात कार्यक्रम में उन्होंने इस मुद्दे पर चर्चा की थी, जिसमें एक डाक्टर और ऐसे व्यक्ति के साथ बातचीत शामिल थी, जिसे टेली-परामर्श से लाभ हुआ है।'